# 24 राजस्थान के प्रमुख साहित्यकार एवं पुस्तकें

1. सर्वप्रथम राजस्थानी भाषा का शब्द-कोष किसने तैयार किया?
(1) सीताराम लालस (2) महेन्द्र लालस
(3) जयनारायण व्यास (4) विजयदान देथा (1)
व्याख्या- जोधपुर के नैरवा के निवासी सीताराम लालस ने 'राजस्थानी भाषा का शब्दकोष' लिखा।

2. राजस्थानी नाटक 'आलेखूँ अंबा' के लेखक हैं?
(1) भंवर सिंह सामौर (2) मिठेश निर्मोही
(3) कमल रंगा (4) नीरज दईया (3)
व्याख्या- राजस्थानी भाषा के लिए केन्द्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 कमल रंगा को उनके नाटक 'आलेखूँ अंबा' के लिए दिया गया है।

3. सुमेलित कीजिये-

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| क. राजवल्लभ | 1. जयानक |
| ख. खुमाण रासो | 2. सूर्यमल्ल मिश्रण |
| ग. वीर सतसई | 3. दलपत विजय |
| घ. कान्हड़दे प्रबंध | 4. पद्मनाभ |
| ड. पृथ्वीराज विजय | 5. मण्डन |

| | क | ख | ग | घ | ड |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (2) | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (3) | 5 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (4) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

(2)

4. राजस्थानी में रामायण के रचनाकार हैं-
(1) दुरसाजी (2) मेहोजी
(3) नैणसी (4) सायांजी (2)

5. निम्न में से कौनसी रचना पृथ्वीराज राठौड़ की नहीं है?
(1) गंगा लहरी (2) गंगा जी रा दूहा
(3) दशम भागवत रा दूहा (4) डिंगल कोष (4)
व्याख्या- डिंगल कोष सूर्यमल्ल मिश्रण की रचना है।

6. पद्मावत के लेखक कौन थे?
(1) चन्दवरदाई (2) मलिक मुहम्मद जायसी
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) जयानक (2)

7. 'चेतावनी रा चुंगट्या' किसकी रचना है?
(1) प्रतापसिंह बारहठ (2) केसरी सिंह बारहठ
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) रणछोड़ भट्ट (2)
व्याख्या- 1911 ई. में जब महाराणा फतेहसिंह, लॉर्ड कर्जन के द्वारा आयोजित एडवर्ड सप्तम के सम्मान समारोह में 'दिल्ली दरबार' जा रहे थे, तो केसरीसिंह बारहठ ने इस कृत्य की निंदा स्वरूप महाराणा को डिंगल के 13 सोरठे 'चेतावनी रा चुंगट्या' भेजे, जिनको पढ़कर महाराणा दिल्ली जाकर भी दरबार में नहीं गये।

8. कवि पद्मनाभ द्वारा रचित 'कान्हड़देव प्रबन्ध' ग्रन्थ में किस युद्ध का वर्णन हैं?
(1) चित्तौड़ का युद्ध (1303 ई.)
(2) सिवाणा का युद्ध (1308 ई)
(3) जालौर का युद्ध (1311-12 ई.)
(4) रणथम्भौर का युद्ध (1301 ई.) (3)

9. 'मारवाड़ रा परगना री विगत' नामक ग्रन्थ किसने लिखा?
(1) बांकीदास (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) जसवन्त सिंह राठौड़ (4) मुहणौत नैणसी (4)
व्याख्या- मारवाड़ रा परगना री विगत जिसे 'जोधपुर राज्य का गजेटियर' कहा जाता है, इसमें जोधपुर राज्य के राजस्व व ग्रामीण जीवन संबंधी तथ्यों का उल्लेख मिलता है।

10. 'राग माला', 'राग मंजरी', 'नर्तन निर्णय' ग्रन्थों की रचना किसने की?
(1) पुण्डरीक विट्ठल (2) पुण्डरीक रत्नाकर
(3) मण्डन (4) कृष्णानन्द व्यास (1)

11. 1544 ई. के गिरी सुमेल युद्ध का वर्णन किस पुस्तक में है?
(1) तारीख-ए-शेरशाही (2) ताज उल मासिर
(3) तबेकात ए नासिरी (4) तुजुक ए राजपूताना (1)
व्याख्या- तारीख-ए-शेरशाही नामक रचना अब्बास खाँ सरवानी की है।

12. सगत रासो के लेखक हैं?
(1) प्रतापसिंह बारहठ (2) गिरधर आसिया
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) रणछोड़ भट्ट (2)
व्याख्या- गिरधर आसिया द्वारा रचित इस पुस्तक में महाराणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह के चरित्र का वर्णन है, यह 943 छंदो का प्रबन्ध काव्य है।

13. अचलदास खींची री वचनिका के लेखक हैं?
(1) सूजाजी (2) माधोदास दधवाड़िया
(3) शरंगधर (4) शिवदास गाडण (4)

14. विग्रहराज चतुर्थ द्वारा रचित ग्रंथ है?
(1) ललित विग्रहराज (2) बीसलदेव रासो
(3) हरिकेली (4) पृथ्वीराज रासो (3)

15. 'हम्मीर मदमर्दन' नामक साहित्यिक कृति के लेखक कौन है?
(1) जोधराज (2) गाडऊ व्यास
(3) जयसिंह सूरी (4) चन्द्रशेखर (3)

16. निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे युग्म सुमेलित है -

| (लेखक) | (ग्रंथ) |
|---|---|
| A. करणीदान | I. सूरज प्रकाश |
| B. दौलत विजय | II. खुमाण रासो |
| C. पद्मनाभ | III. कान्हड़दे प्रबंध |
| D. श्रीधर व्यास | IV. अजीतोदय |

(1) A, B व C सही है। (2) B व D सही है
(3) सभी सही है (4) B, C व D सही है (1)
व्याख्या- अजीतोदय पुस्तक के लेखक 'जगजीवन भट्ट' थे। इस पुस्तक में मारवाड़ का इतिहास, महाराजा जसवंत सिंह व अजीत सिंह के समय के युद्धों, संधियों, साम्राज्य विस्तार, विजय, तत्कालीन परम्पराएँ, रीति रिवाज एवं राजनीतिक उपलब्धियों का वर्णन मिलता है।

17. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म को छांटिए-

| लेखक | ग्रंथ |
|---|---|
| (1) श्रीधर | 1. रणमल्ल छंद |
| (2) नरपति नाल्ह | 2. बीसलदेव रासो |
| (3) नल्ल सिंह | 3. विजयपाल रासो |
| (4) करणीदान | 4. वीरमायण |

(4)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

**व्याख्या–** वीरमायण के लेखक 'बादर ढ़ाढी' थे। इस रचना का पुराना नाम 'बादर ढ़ाढी की निसाणियाँ' था, जोधपुर के महाराजा मानसिंह के काल में उनके आश्रित कवि बुधजी आशिया ने इसका प्रथम बार संकलन कर इसका नाम 'वीरमायण' रखा।

18. **निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| रचना | लेखक |
|---|---|
| (1) बोल भारमली | – यादवेन्द्र शर्मा |
| (2) पागी | – चंद्रप्रकाश देवल |
| (3) कोडमदे | – मेघराज मुकुल |
| (4) पगफेरो | – मणि मधुकर |

(1)

**व्याख्या–** बोल भारमली 'सत्यप्रकाश जोशी' द्वारा रचित है।

19. **'मुहणोत नैणसी' किस राज्य का दीवान था?**
(1) मेवाड़ (2) बीकानेर
(3) जैसलमेर (4) जोधपुर (4)

20. **कुवलयमाला किसके द्वारा लिखी गयी है?**
(1) उद्योतन सूरि (2) कल्हण
(3) नयनचन्द्र सूरी (4) जगजीवन भट्ट (1)

21. **'एकलिंग महात्म्य' किस भाषा में लिखा गया है?**
(1) सिंधी भाषा (2) मरू भाषा
(3) मराठी भाषा (4) संस्कृत (4)

**व्याख्या–** इसके रचयिता कान्हा व्यास हैं, इसका प्रथम भाग 'राज वर्णन' महाराणा कुम्भा ने लिखा है। इसमें मेवाड़ की व्यवस्था व तत्त्कालीन परिस्थितियों का वर्णन है।

22. **पुस्तक 'ज्यूडिशयल रिफोर्मसः रिसेंट ग्लोबल ट्रेंड्स' के लेखक कौन है?**
(1) गायत्री देवी (2) दलवीर भण्डारी
(3) वी.पी. मैनन (4) सुमनेश (2)

23. **'राग चंद्रिका' किसके द्वारा रचित है?**
(1) कुम्भा (2) पुंडरिक विट्ठल
(3) द्वारकानाथ भट्ट (4) फकीरूल्ला (3)

24. **एनाल्स एण्ड एंटीक्विटिज ऑफ राजस्थान के प्रथम भाग का प्रकाशन 1829 ई. में व दूसरे भाग का प्रकाशन .......... में किया गया?**
(1) 1822 (2) 1832
(3) 1852 (4) 1842 (2)

25. **विजयदान देथा के बारे में अधोलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
A. विजयदान देथा राजस्थान के प्रसिद्ध लेखक थे, जिनकी 'दुविधा' कहानी चरणदास चोर नामक नाटक के रूप में रूपान्तरित की गयी।
B. विजयदान देथा 'रूपायन' संस्थान के सह-संस्थापक थे।
C. भारतीय ज्ञानपीठ ने इनकी कथाओं का संकलन 'सपन प्रिय' नाम से प्रकाशित किया है।
D. इनकी कहानियों के अंग्रेजी अनुवाद का शीर्षक 'द डिलेमा' था।
(1) कथन A, B, C, D सत्य है।
(2) दोनों कथन (A) और (B) सत्य है।
(3) कथन A, B, D सत्य है।
(4) कथन B, C, D सत्य है। (1)

26. **'बीसलदेव रासो' की मुख्य महिला पात्र निम्नलिखित में से है?**
(1) राजमति (2) इन्दुमति
(3) देवल देवी (4) पद्मिनी (1)

**व्याख्या–** सुजान चरित्र की रचना सूदन द्वारा की गई है। यह भरतपुर के राजा सूरजमल के आश्रित कवि थे।

27. **'मुण्डीयार (मूँदियाड़) री ख्यात' का विषय है?**
(1) मारवाड़ के राठौड़ (2) मेवाड़ के सिसोदिया
(3) आमेर के कछवाहा (4) सांभर के चौहान (1)

28. **स्वतंत्र बावनी की रचना किसने की?**
(1) तेजसिंह (2) नेकराम
(3) तेज कवि ने (4) हरिनाथ (3)

29. **राजस्थान की अमूल्य साहित्यिक धरोहर 'बातां री फुलवारी' कितने खण्डों में उपलब्ध है?**
(1) 17 (2) 4
(3) 14 (4) 19 (3)

30. **'भरतपुर बर्ड पैराडाइज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**
(1) सलीम अली (2) ठाकुर देशराज
(3) मार्टिन इवांस (4) कैलाश सांखला (3)


Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।